जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-4 | जयपुर, सोमवार, 24 जनवरी, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## 50 साल से जल रही ज्योति की जगह बदली

### मशाल से वॉर मेमोरियल की ज्योति में मिलाया गया

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली में 50 साल से इंडिया गेट की पहचान बन चुकी अमर जवान ज्योति वॉर मेमोरियल की ज्योति में विलीन हो गई। शुक्रवार दोपहर 3.30 बजे यह समारोह शुरू किया गया। अमर जवान ज्योति को पूरे सैन्य सम्मान के साथ मशाल के जरिए वॉर मेमोरियल ले जाया गया।

**इस तरह वॉर मेमोरियल में मिली अमर जवान ज्योति**

1. अमर जवान ज्योति पर पुष्प चढ़ाकर उसका सम्मान किया गया।
2. मशालों के जरिए अमर जवान ज्योति को मिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई।
3. मिलिट्री बैंड और परेड के जरिए ज्योति को वॉर मेमोरियल ले जाया गया।



4. वॉर मेमोरियल पर प्रज्ज्वलित ज्योति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।
5. मशाल के जरिए अमर जवान ज्योति को वॉर मेमोरियल में मिलाया गया।

**अमर जवान ज्योति के पास बनेगी नेताजी की प्रतिमा**



इस कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके बताया कि अमर जवान ज्योति के पास 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की हॉलोग्राम मूर्ति का अनावरण किया गया। यह मूर्ति तब तब रहेगी जब तक असली मूर्ति तैयार नहीं हो जाती।



## सभी देशवासियों को हमारा वतन समाचार पत्र की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!



## आजकल मैं खुलकर जीती हूँ काव्य संग्रह का विमोचन

जयपुर (हमारा वतन) वेदांता इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल योगिता जोशी द्वारा कृत काव्य संग्रह आजकल मैं खुलकर जीती हूँ का विमोचन बालमुकुन्दाचार्य महाराज, हाथोज धाम के कर कमलों से किया गया । जानकारी के लिए आपको बता दें कि यह कवयित्री की पहली कृति है ,जिसमें इन्होंने विविध विषयों पर,विभीन्न परिस्थितियों एवं परिवेश में लिखी आपनी कविताओं का संकलन किया है। कुछ कविताओं में स्त्री जीवन के विभिन्न पहलुओं का बहुत ही सुंदरता एवं मार्मिकता के साथ वर्णन किया गया है। इस पुस्तक में इनकी 85 कविताओं का संकलन है जो इनके स्कूली जीवन से लॉकडाउन तक के सफर को तय करती है।

## 100 सालों से भी ज्यादा समय से बसी आबादियों को उचित समाधान निकालकर पट्टे जारी करे सरकार-रामलाल शर्मा

जयपुर (हमारा वतन) भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की सरकार ने पहले कहा कि हम 10 लाख पट्टे वितरित करने का काम करेंगे और जब 10 लाख पट्टो का लक्ष्य इनसे पूरा होता दिखाई नहीं दिया तथा अधिकारियों ने इनको ज्यादा सहयोग नहीं किया तो फिर सरकार ने कहा कि हम आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए आबादी के अलावा गोचर जमीनों में बसे लोगों को भी हम पट्टे जारी करने का काम करेंगे और आज हकीकत देखे तो गोचर भूमि में बसे हुए लोगों के भी पट्टे सरकार ने जारी नहीं किये। लेकिन बहुत सी आबादी ऐसी है जो कई वर्षों से या 100 वर्षों से अधिक समय से कई कॉलोनिया जिनकी जमीन आज भी खातेदारी में बोल रही है।



मेरी विधानसभा क्षेत्र के अंदर भी टांकरडा, बावड़ी गोपीनाथ, हस्तेडा, चारणवास सहित कई गांव ऐसे हैं, इन गांवों को बसे हुए 100 साल से ज्यादा का समय व्यतीत हो चुका है लेकिन आज भी उनके रिकॉर्ड के अंदर वह जमीन किसी ना किसी व्यक्ति के खातेदारी के रूप में बोलने की वजह से ना तो उन आबादियों का विकास हो सकता है और ना ही उनके समस्याओं को समाधान हो सकता है। उन आबादियों को पट्टे भी नहीं मिल सकते और ना ही उन्हें लोन की सुविधा मिल सकती है। उन आबादियों में विधायक निधि या सांसद निधि का पैसा सड़क, पेयजल आदि के विकास कार्यों में भी नहीं लगाया जा सकता है। ऐसे लोगों की राजस्थान के अंदर हजारों की संख्या है। मैं चाहूंगा कि राजस्थान सरकार अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ऐसी आबादियां जो कई वर्षों से बसी हुई है उनको भी कोई ना कोई रास्ता निकालकर पट्टे जारी करने का काम करें, ताकि लोगों को राहत महसूस हो।

## प्रदेशाध्यक्ष अजय चौहान ने कर्मचारियों को बांटे मास्क

जालोर (हमारा वतन) भारतीय मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद् राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष अजय चौहान ने कोरोना काल के समय कर्मचारियों को मास्क बांटे । अजय चौहान ने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए मुंह पर मास्क पहने और बार-बार हाथ धोने व दो मीटर की दूरी बनाये रखना जरूरी है । तभी हम इससे लड़ पाएंगे ।



## इसरो ने भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन रॉकेट के लिए इंजन का परीक्षण किया

चेन्नई(एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हाई थ्रस्ट विकास इंजन को सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जो भारत के पहले रॉकेट को शक्ति प्रदान करेगा और मनुष्यों को अंतरिक्ष में ले जाएगा। इसरो के अनुसार, गगनयान/मानव अंतरिक्ष मिशन के विकास इंजन ने तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) में 25 सेकेंड की अवधि के लिए योग्यता परीक्षण किया। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, पहले से ही दो इंजनों का नाममात्र परिचालन स्थितियों के तहत 480 सेकेंड की कुल अवधि के लिए परीक्षण किया जा चुका है।

## समर्पित साथी फाउंडेशन ने भीषण सर्दी में मातृछाया बाल गृह को किया सहयोग



जयपुर (हमारा वतन) समर्पित साथी फाउंडेशन एक क़दम मानवता की ओर संस्था के द्वारा मातृ छाया बालगृह में भीषण सर्दी को देखते हुए 30 रजाई व गद्दों का सहयोग मातृछाया बाल गृह को किया।

संस्था अध्यक्ष बनवारी लाल पुरोहित ने कहा कि ऐसी जरूरतमंद संस्थाओं के सहयोग हेतु समर्पित साथी सदैव तत्पर हैं । साथ ही मातृछाया बालगृह में और भी कई मूलभूत आवश्यकताएं जो बाल गृह द्वारा बताई गई की आपूर्ति हेतु एक महीने के राशन की व्यवस्था मातृ छाया बाल गृह को की गई।

समर्पित साथी की फाउंडर शिखा पारीक ने बताया कि इस अवसर पर उनके साथ संस्था के वरिष्ठ सदस्य जे पी सिंह, उपाध्यक्ष गिरधारी लाल पारीक, सदस्य अनामिका, दीपक शर्मा, सपना पारीक, शिव सिंह पालावत व नीलम सक्सेना भी मौजूद रही।



## जॉब्स

1. राजस्थान प्रारंभिक शिक्षा विभाग बीकानेर, पद तृतीय श्रेणी शिक्षक, पद संख्या 32000, अंतिम तिथि 9 फरवरी 2022.
2. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स सीआईएसफ, हेड कांस्टेबल, पद संख्या 249 ,अंतिम तिथि 31 मार्च 2022.
3. यूपी पुलिस, पद असिस्टेंट ऑपरेटर, पद संख्या 1374, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022.
4. एंप्लोई स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ईएसआईसी, यूडीसी, स्टेनो, एमटीएस व अन्य, पद संख्या 3600 ,अंतिम तिथि 15 फरवरी 2022.
5. नवोदय विद्यालय समिति एनवीएस, पद विभिन्न, पद संख्या 1925, अंतिम तिथि 10 फरवरी 2022.
6. उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन, पद स्टाफ नर्स, पद संख्या 558 ,अंतिम तिथि 17 फरवरी 2022.
7. यूपी पुलिस, हेड ऑपरेटर ,पद संख्या 936, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022.
8. भारतीय रेलवे, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 2422, अंतिम तिथि 16 फरवरी 2022

# यज्ञोपवीत संस्कार के पोस्टर का हुआ विमोचन



जयपुर (हमारा वतन) ब्राह्मण समाज राजस्थान, जयपुर जिला देहात के द्वारा 13 फरवरी 2022, रविवार को कागलिया वाले बालाजी, मोरीजा रोड, चोमू पर चतुर्थ यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार के पोस्टर का विमोचन राजस्थान विधानसभा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाधिकारी कमलेश जोशी द्वारा किया गया ।

इस दौरान उन्होंने बताया कि उपनयन बौद्धिक विकास के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण संस्कार है धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति का इस संस्कार के पूर्णरूपेण समावेश है हमारे मनीषियों ने इस संस्कार के माध्यम से वेद माता गायत्री को आत्मसात करने का प्रावधान दिया है । प्राय 8 वर्ष की उम्र में यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हो जाता था इसके बाद बालक विशेष अध्ययन के लिए गुरुकुल जाता था यज्ञोपवीत से ही बालक को ब्रह्मचर्य की दीक्षा दी जाती थी जिसका पालन गृहस्थाश्रम में आने से पूर्व तक किया जाता था । इस संस्कार का उद्देश्य संयमित जीवन के साथ आत्मिक विकास में रत रहने के लिए बालक को प्रेरित करता है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा, राजेश जोशी, कुलदीप जोशी, वैभव जोशी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## (गीत) ये अपना भारत देश है !

शांति अहिंसा और प्रेम का देता जो संदेश है ।
ये अपना भारत देश है, ये अपना भारत देश है ।
यह हम सबका भारत देश है ।
सतरंगी किरणों का सूरज, जहां उदय होता है ,
हिंद महासागर भी, जिसके चरण कमल धोता है,
गंगा जमुना बहे, हिमालय करता नित अभिषेक है
ये अपना भारत देश है .........!
पुण्य भूमि, इस धन्य धरा का शत-शत करते वंदन हम,
माटी है बलिदानी, इसका कण-कण समझें चंदन हम,
तिलक लगाएं माथे पर ये ऐसी पावन रेत है,
ये अपना भारत देश है .......!
सभी जातियां ,धर्म यहां पर मिलकर रहते साथ हैं ,
एक दूसरे के सुख - दुख में सदा हाथ में हाथ हैं ,
जाग रहा जन-जन के मन में बस आपस का हेत है ,
ये अपना भारत देश है....!

**लेखक - परिचय**



राजस्थान के धरतीपुत्र और हमारे गौरव इकराम राजस्थानी राष्ट्ररत्न का यह देशभक्ति गीत गणतंत्र दिवस पर सभी पाठकों को समर्पित है । अस्वस्थ होने के बाद भी इकराम राजस्थानी ने हमारे आग्रह पर यह गीत सिर्फ हमारा वतन समाचार पत्र के लिए लिखा है । जानकारी के लिए आपको बता दें कि 8 जुलाई 1946 को जयपुर जिले के चौमूं कस्बे में जन्मे इकराम राजस्थानी लोकगीतों के जादूगर हैं और इसी कारण से इन्हें लोकमान की उपाधि से विभूषित किया गया है । देश - प्रदेश और विदेश में भी अपने साहित्य और गीतों से अपनी विशेष पहचान बनाई है । इनके लोकप्रिय गीत इंजन की सीटी में म्हारो मन डोले, पल्लो लटके और जीजा जोबनिया जलेबी भरी रस की जैसे सार्थक गीत आज भी लोगों की जुबान पर हैं ।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

अम्बेडकर विकास समिति

चौमूं - जयपुर द्वारा संचालित

बिक्री भंडार- खादी ग्रामोद्योग भण्डार, बदनपुरा चौक, चौमूं, (गोविंदगढ़)

हमारे उत्पादन दरी फर्श, खेश , आलमारी,टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान

निर्धारित विशेष छूट उपलब्ध है

मोहन लाल बुनकर अध्यक्ष | रामजी लाल वर्मा मंत्री | शंकर लाल वर्मा सहा. मंत्री



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ

बासनी रोड, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

संस्था के केन्द्र
उत्पादन केंद्र : 4 बिक्री भण्डार : 6
कार्डिंग प्लांट : 1 होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876 | इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703 | त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

खादी मंदिर

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर

हमारे विशेष उत्पादन
सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा

पिछड़े वर्गो का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

हमारे बिक्री भण्डार
❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

उत्पादन केन्द्र
● खादी आश्रम कोटा ● खादी आश्रम बूंदी
● खादी आश्रम मांगरोल ● खादी आश्रम अटरू

विशेषता: कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

अटरू विशेष योजना कार्यक्रम : हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

आ.ल. खाण्डेकर - संरक्षक | राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष | प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक
रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष | कमल किशोर शर्मा - मंत्री


## चिप की कमी से यात्री वाहन की आपूर्ति दिसंबर में 13 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली। वाहन उद्योग के निकाय सियाम ने कहा कि सेमीकंडक्टर की कमी के कारण उत्पादन प्रभावित होने के चलते कारखानों से डीलरों को यात्री गाड़ियों की आपूर्ति पिछले साल दिसंबर में 13 प्रतिशत घटकर पांच साल के न्यूनतम स्तर पर आ गई। दिसंबर 2020 में 2,52,998 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 2,19,421 इकाइयों की आपूर्ति हुई। उद्योग निकाय ने स्वीकार किया कि अल्पावधि में नाटकीय रूप से चिप की कमी दूर नहीं होगी, लेकिन उम्मीद जताई कि हालात जल्द सुधर जाएंगे।सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2021 में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री भी 11 प्रतिशत गिरकर 10,06,062 इकाई रह गई, जो इससे एक साल पहले की इसी अवधि में 11,27,917 इकाई थी। पिछले साल दिसंबर में मोटरसाइकिल की बिक्री दो प्रतिशत घटकर 7,26,587 इकाई थी, जो इससे एक साल पहले इसी अवधि में 7,44,237 इकाई थी। स्कूटर की बिक्री भी 24 प्रतिशत घटकर 2,46,080 इकाई रह गई जो इससे एक साल पहले 3,23,757 इकाई थी। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत घटकर 7,61,124 इकाई रह गई, जो इससे एक साल पहले की समान अवधि में 8,97,908 इकाई थी। इसी दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री 25 प्रतिशत घटकर 35,98,299 इकाई रह गई। एक साल पहले इस तिमही में यह 47,82,110 इकाई थी।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वावलम्बी बन सके।

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी ❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

शाखा केन्द्र
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

राम भरोसी गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

(कविता)

## छब्बीस जनवरी



छब्बीस जनवरी है आयी
गणतंत्र की सौगात है लायी
दे अधिकार खुशियाँ है बढ़ायी
संविधान से लाभ है लगाई

लाल किला है दुल्हन की तरह सजा
सबने राष्ट्रपति जी को ध्यान से है सुना
देश गौरवशाली हुआ कई गुना
गणतंत्र को तुम न भूलना

ऊँच नीच में भेद न करता
हिन्दू,मुस्लिम,सिख,ईसाई
है सब भाई भाई
संविधान यह हमको बतलाता


करते प्रधानमंत्री सभी से अनुरोध
हो जाओ संविधान से कटिबद्ध
अपने अधिकारों को पहचानो
और अपने कर्तव्यों को निभाओ

छब्बीस जनवरी है आयी
गणतंत्र की सौगात है लायी
दे अधिकार खुशिया है बढ़ायी
संविधान से लाभ है लगायी।



योगिता शर्मा
प्रिंसिपल
वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर

## फोटोग्राफर किशन लाल सैनी का 82 साल की उम्र में निधन



चौमूं (हमारा वतन) चौमूं शहर के प्रसिद्ध और सबसे पुराने फोटोग्राफर किशन लाल सैनी ने 82 साल की उम्र में 21 जनवरी को शुक्रवार रात 8 बजे अपने निवास स्थान सामोद रोड, गीधावाली कोठी, चौमूं पर अंतिम सांस ली । पुत्र राजकुमार कांकरवाल ने बताया कि पिताजी की करीब 1 साल से तबीयत खराब चल रही थी ।सेवा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी ।फोटोग्राफी की बारीकियां मैंने अपने पिताजी से ही सीखी थी । उनकी कमी हमेशा जरूर खलेगी । गौरतलब है कि चौमूं शहर में 1975 में लक्ष्मीनाथ जी के चौक में फोटोग्राफर किशन लाल सैनी ने राज स्टूडियो के नाम से दुकान खोली थी जो आगे जाकर प्रसिद्ध हुई और फोटोग्राफी के क्षेत्र में आज भी एक ब्रांड के रूप में स्थापित है । करीब 50 वर्षों तक लोगों को फोटोग्राफी की सेवाएं प्रदान की।

फोटोग्राफर किशन लाल सैनी के निधन पर माली समाज विकास समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी, माली समाज भवन निर्माण समिति अध्यक्ष सायर सिंह तंवर, महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान अध्यक्ष शंकर लाल सैनी और अन्य माली समाज के पदाधिकारियों ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है और कहा कि किशन लाल जी माली समाज के हर प्रोग्राम की फोटोग्राफी करते थे यानी कि माली समाज के परमानेंट फोटोग्राफर थे ।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित**

**भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए**

''मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी ? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।''

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**खादी ग्रामोद्योग भण्डार**



(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)

- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

**हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें**

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)**

हमारे खादी उत्पादन
दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

ग्रामोद्योग उत्पाद
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़
■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष
मातादीन शर्मा - उपाध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - सहायक मंत्री

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 02962 - 2243518

❁ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❁ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❁ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❁ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❁ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❁ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❁ खादी निकेतन, बागीदौरा
❁ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल

स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष
गणपत लाल जैन - मंत्री
इच्छा शंकर शर्मा - सहायक मंत्री

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**राजस्थान खादी संघ**

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्रों में

❒ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जोहरी बाजार ,अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ,।
❒ खादी भंडार जोधपुर, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

हमारे उत्पाद
सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदीये

रामदयाल लाटा : अध्यक्ष
राधेश्याम गुप्ता : उपाध्यक्ष
मालीराम शर्मा : सहायक मंत्री
चमेल सिंह : मंत्री

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# सावधानी का समय

भारत में जैसे ही कोरोना जांच में वृद्धि हुई है, संक्रमण के मामले भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे नजर आए हैं। पांच दिनों में संक्रमण के मामलों में कमी देखी जा रही थी, लेकिन अब संक्रमण तीन लाख के आंकड़े को पार कर गया है। आठ महीने बाद ऐसी स्थिति बनी है, ऐसे में भी महाराष्ट्र में सोमवार से स्कूल खोलने का फैसला निंदनीय है। जब वर्क फ्रॉम होम की पैरोकारी हो रही है, तब स्कूल खोलने का फैसला कितना सही है? पिछले दिनों शादी-विवाह के मौसम और बाजारों, धर्मस्थलों में बढ़ी आवाजाही का नतीजा हम भुगत रहे हैं। बड़े पैमाने पर कोरोना संक्रमण का विस्फोट हुआ है। मौतों की संख्या भी बढ़ी है, तब स्कूल खोलने का फैसला त्रासद है। क्या महाराष्ट्र में कोरोना मामले काबू में आ गए हैं? नहीं, सच्चाई यह है कि महाराष्ट्र कोरोना महामारी के मामले में नेतृत्व कर रहा है। भारत के चिकित्सा प्रभारियों को महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले पर आपत्ति करनी चाहिए। होता यह है कि एक सरकार जब कोई फैसला लेती है, तब दूसरी सरकारों पर ऐसे ही फैसले के लिए दबाव बढ़ता है। अत- यह जरूरी है कि हर सरकार समझदारी के साथ कदम बढ़ाए। ध्यान रहे कि यह लहर बच्चों को भी समान रूप से पीड़ित कर रही है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दुनिया इस समय कोरोना की चौथी लहर से गुजर रही है। दुनिया में पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन 29 लाख मामले दर्ज किए जा रहे हैं। जब अफ्रीका और यूरोप में कोविड मामले घट रहे हैं, तब एशिया में बढ़त दिख रही है। भारत में अभी लगभग 19 लाख सक्रिय मामले दर्ज हैं। विशेषज्ञ जानते हैं कि पीड़ितों की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा हो सकती है।


राम गोपाल सैनी

# अशोक गहलोत ने रोडा एक्ट के तहत किसानों की जमीन नीलामी पर लगाई रोक

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान के दौसा के रामगढ़ पचवारा में बैंक कर्ज नहीं चुकाने के कारण किसान की जमीन नीलाम करने के बाद हुए सियासी विवाद के बाद गहलोत सरकार हरकत में आई है।



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश भर में किसानों की जमीनों की नीलामी पर रोक लगा दी है। कॉमर्शियल सहित सभी तरह के बैंकों के रिमूवल ऑफ डिफिकल्टीज एक्ट (रोडा) के तहत कर्ज नहीं चुकाने पर किसानों की जमीन कुर्क और नीलाम करने पर तत्काल रोक लगा दी गई है। दौसा के किसान की जमीन नीलाम करने के बाद देश भर में यह मामला चर्चा का मुद्दा बन गया था। किसान नेता राकेश टिकैत दौसा पहुंच गए थे। बीजेपी भी सरकार को किसान कर्जमाफी को लेकर घेर रही है। विवाद के बाद राज्य सरकार ने रामगढ़ पंचावारा के किसान की जमीन नीलामी कल ही रोक दी थी। अब आज प्रदेश भर में रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बयान जारी कर कहा- जमीन नीलामी रोकने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने सहकारी बैंकों के कर्ज माफ किए हैं और भारत सरकार से आग्रह किया है कि कॉमर्शियल बैंकों से वन टाइम सेटलमेंट कर किसानों के कर्ज माफ करें। राज्य सरकार भी इसमें हिस्सा वहन करने को तैयार हैं। हमारी सरकार ने 5 एकड़ तक कृषि भूमि वाले किसानों की जमीन नीलामी पर रोक का बिल विधानसभा में पास किया था, लेकिन अभी तक राज्यपाल महोदय की अनुमति ना मिल पाने के कारण यह कानून नहीं बन सका है। मुझे दुख है कि इस कानून के ना बनने के कारण ऐसी नौबत आई। मैं आशा करता हूं कि इस बिल को जल्द अनुमति मिलेगी, जिससे आगे ऐसी नीलामी की नौबत नहीं आएगी।



### अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्रचार्य ने किया शिक्षा मंत्री बीड़ी कल्ला का सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने शिक्षा मंत्री बीड़ी कल्ला का सम्मान किया।

शिक्षा मंत्री बीड़ी कल्ला को पंडित रविंद्र आचार्य ने श्याम दुपट्टा और श्याम कलम देकर सम्मानित किया। पंडित रविंद्राचार्य ने बताया की मंत्री ने उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकारों की प्रशंसा की। साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पंडित अमित आचार्य, सुनील शर्मा, सुमित अग्रवाल और राजेश शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बगवाडा में आयोजित हुआ रक्तदान और नि :शुल्क चिकित्सा शिविर

आमेर (हमारा वतन) श्रीमती कमला देवी जांगिड फाउंडेशन बगवाडा जयपुर के द्वारा स्व. श्रीमती कमला देवी जांगिड धर्मपत्नी श्री ओमप्रकाश जांगिड की द्वितीय पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निम्स



हॉस्पिटल के तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई। मुख्य अतिथि आमेर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी प्रशान्त सहदेव शर्मा ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इस कोरोना महामारी में आपने जो रक्तदान किया है वो किसी की जिन्दगी बचने के काम आएगा। आप सभी को साधुवाद है। शिविर में पुष्पा देवी मेमोरियल ब्लड बैंक जयपुर एवं जीवन ज्योति ब्लड बैंक चोमूं की टीम ने 164 यूनिट ब्लड का संग्रहण किया गया। चिकित्सा परामर्श शिविर में 263 लोगों को लाभ मिला। शिविर में आने वाले सभी अतिथियो का फाउंडेशन पदाधिकारियों द्वारा साफा एवं मोमेन्टो देकर सम्मान किया गया। शिविर में पर्यावरण हित संस्थान के संयोजक राजेन्द्र जांगिड मलिकपुर ने 18 वी बार रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं का फाउंडेशन सरक्षक ओमप्रकाश जांगिड, अध्यक्ष श्रवण जांगिड, स्नेहलता भारद्वाज, आमेर पंचायत समिति प्रधान बद्रीनारायण बागडा, शिवराम बागडा, अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा प्रदेश सभा राजस्थान युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष नवीन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम चिचावा, प्रदेश कार्यालय मंत्री सचिन हर्षवाल ने हेलमेट, मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया गया।

इस दौरान महेश शर्मा,भगवान मुक्कड, बंशीधर सैनी, कैलाश इन्दोरा,राजीव दोतोलिया, मनीष चारण, राम जॉगिड, साँवरमल, राधेश्याम, सुरेश, जितेन्द्र, कन्हैया लाल जॉगिड, शिवराज, ब्रिजेश, श्याम ,गजानन्द,सूर्यप्रकाश जांगिड एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था ने किया वर्षा शर्मा का अभिनंदन

जयपुर (हमारा वतन) जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के द्वारा संस्था



अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा एवं सांगानेर तहसील अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा के नेतृत्व में सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोंक बनने पर वर्षा शर्मा का उनके निवास स्थान पर संस्था का दुपट्टा, शाल, स्मृति चिन्ह ,गुलदस्ता भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया।

वर्षा शर्मा ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा परिणाम 2018 में राजस्थान में पांचवी रैंक अर्जित की थी। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोंक वर्षा शर्मा कोरोना वैश्विक महामारी बचाव हेतु सरकारी एडवाइजरी पालन की अपील की। इस दौरान जगदीश प्रसाद शर्मा ,मीनाक्षी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार ने ऋण माफी योजना के तहत शास्ति एवं ब्याज के 8 करोड़ रुपये किए माफ

जयपुर (हमारा वतन) उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने बताया कि बजट घोषणा की अनुपालना में राज्य में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा घोषित वित्तीय वर्ष 2021-22 में ऋण माफी की योजना के तहत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्रों के माध्यम से लाभार्थियों को लाभ दिए जाने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

उद्योग मंत्री ने बताया कि ऋण माफी योजना में 6 हजार 248 पात्र इकाईयों के वर्ष 2000 से बकाया ऋण (मूलधन शास्ति व ब्याज) का लगभग 8 करोड़ रूपये की राशि माफ किये गये हैं। रावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में ऋण माफी की बजट में घोषणा की गयी थी। इसके अनुसार उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत राज्य के दस्तकारों, बुनकरों, कुटीर एवं लघु उद्योगों को जिला उद्योग केन्द्रों द्वारा वर्ष 2000 तक



वितरित समस्त बकाया ऋण माफ किये जाने की घोषणा की गयी है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा